दिनांक : 14.11.25 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश मिलने पर बिहार के लोगों का आभार व्यक्त किया।
- प्रधानमंत्री कल गुजरात में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में लेंगे हिस्सा ;₹9,700 करोड़ से अधिक की देंगे सौगात।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बड़वानी में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित ।

  और
- प्रदेश में नवंबर में लुढका परा ; भोपाल और इंदौर में तापमान पहाड़ी इलाकों से भी नीचे, 18 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी।

...........

प्रधानमंत्री - बिहार चुनाव

भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गठबंधन को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए बिहार के लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस जीत को सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और जन कल्याण की जीत बताया है। बिहार में विधानसभा चुनाव में अब तक प्राप्त रुझानों और परिणामों के अनुसार एनडीए को 204 सीटों पर बढ़त प्राप्त है।

इनमें भारतीय जनता पार्टी 92, जनता दल यूनाटेड 84, लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास 19, हम पांच और आरएलएम चार सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। महागठबंधन को कुल 33 सीटों पर बढ़त प्राप्त है। राष्ट्रीय जनता दल 25, कांग्रेस पांच, सीपीआई माले-लेनिन दो, सीपीआईएम एक सीट पर आगे है।

## प्रधानमंत्री-गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुजरात का दौरा करेंगे। श्री मोदी सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन जाएंगे और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री नर्मदा जिले के देवमोगरा मंदिर में पूजा करेंगे। वे डेडियापाड़ा में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे नौ हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न बुनियादी ढाँचा और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे और उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

## प्रधानमंत्री-किसान योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 19 तारीख को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के साथ, इस योजना के अंतर्गत देश भर के 11 करोड़ से ज़्यादा किसान परिवारों को तीन लाख 70 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में भेज दी जाएगी।

## सैन्य विरासत महोत्सव

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और तकनीकी प्रगति को मज़बूत करते हुए भारत की सैन्य विरासत के संरक्षण के महत्व पर ज़ोर दिया। नई दिल्ली स्थित यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंडिया में तीसरे भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने यह बात कहीं।

*ऑपरेशन सिंदूर दुनिया इसलिए हतप्रभ नहीं है कि आपने 23 मिनट के अंदर उनके डीजीएमओ को हमारे डीजीएमओ के सामने लेनडाउन करा दिया। दुनिया ऐसे हतप्रभ नहीं है। दुनिया हतप्रभ इसलिए है कि पहली बार भारत ने बिना किसी इम्पोर्टेड हथियार के अपने इनडीजनेस सिस्टम से 22-23 मिनट के अंदर उन्हें नी पर ला दिया।*

## आलमी तबलीगी इज्तिमा

भोपाल के ईंटखेड़ी में 78वां आलमी तबलीगी इज्तिमा फजर की नमाज के साथ शुरू हो गया है। चार दिन चलने वाले इस समागम में इस बार देश-विदेश से लाखों जायरीन आने की उम्मीद है। इंडोनेशिया, मलेशिया, सऊदी अरब और ईरान सहित 19 देशों से लोग पहुंच चुके हैं। करीब 600 एकड़ में फैले इस आयोजन के लिए पार्किंग, रोशनी, भोजन और सेवाओं के बड़े इंतजाम किए गए हैं। समापन 17 नवंबर को दुआ-ए-खास के साथ होगा।

## राष्ट्रपति-बाल दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों के साथ बातचीत की। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें आत्मविश्वासी और ज़िम्मेदार

नागरिक बनाना ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने बच्चों के साथ कुछ सुखद पल भी साझा किए और उनमें से कुछ ने वंदेमातरम गाया और कविताएं भी सुनाईं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में कहा कि यह दिवस वीर जननायकों के बलिदान और शौर्य को नई पीढ़ी तक पहुँचाने वाला शंखनाद है। मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया और 133 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने आदिवासी गौरव दिवस की सराहना की ....

श्री यादव ने  कई स्कूलों को हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी में प्रोन्नत करने तथा पानसेमल में रेस्ट हाउस और एसडीओपी कार्यालय खोलने की घोषणा भी की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून, वनाधिकार अधिनियम, तेंदूपत्ता संग्रहण राशि बढ़ाने और लाड़ली बहनों सहित विभिन्न योजनाओं से सरकार जनजातीय समाज को सशक्त बना रही है।

मुख्यमंत्री- इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर स्थित ऐतिहासिक गोपाल मंदिर का निरीक्षण किया।उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और परिसर में चल रहे जीर्णोद्धार व विकास कार्यों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में नवनिर्मित सभागृह को "गीता भवन" के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि 1 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर इस गीता भवन का लोकार्पण किया जाएगा।साथ ही मुख्यमंत्री ने एमजी रोड थाने का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं, रजिस्टरों व कंप्यूटरीकृत एफआईआर प्रक्रिया को देखा और मौजूद स्टाफ से कामकाज की जानकारी ली।

ऊर्जा मंत्री

श्रम विभाग ने एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी के 12 पावर हाउस को 5-स्टार लेबर रेटिंग प्रदान की है। यह सम्मान श्रम कानूनों के उत्कृष्ट अनुपालन, उच्च कार्यसंस्कृति और श्रमिक कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह रेटिंग कंपनी के 4 ताप विद्युत गृहों और 8 जल विद्युत गृहों को मिली है। कंपनी के एमडी ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी अभियंताओं और कर्मचारियों को दिया और इसे स्वास्थ्य, सुरक्षा और पारदर्शिता के प्रति निष्ठा का परिणाम बताया।

फिल्म स्क्रीनिंग - आकाशवाणी

बाल दिवस पर आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में लिली फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग की गई। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आकाशवाणी को बताया कि बच्चों को ऐसी सामग्री दिखानी चाहिए जो उन्हें मनोरंजक शिक्षा के साथ-साथ जीवन में अच्छी आदतें अपनाने को प्रेरित करे। श्री द्विवेदी

ने कहा कि वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं के साथ सहयोग करके प्रसन्न है। उन्होंने बताया कि वेव्स पे-पर-व्यू द्वारा एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है जहां दर्शकों की संख्या के आधार पर राजस्व मिलेगा।

## मौसम

प्रदेश में इस साल नवंबर की ठंड ने कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजधानी भोपाल और इंदौर जैसे मैदानी शहरों में तापमान पहाड़ी इलाकों से भी नीचे चला गया है। अनूपपुर और बालाघाट में लगातार दो दिनों से कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। जबलपुर में भी पारा तेजी से गिरा है । राज्य के 18 जिलों में शीतलहर क□अलर्ट जारी किया गया है, जो अगले तीन–चार दिनों तक जारी रह सकता है।

## समाचार संक्षेप में –

- आकाशवाणी भोपाल द्वारा कल शाम साढ़े 6 बजे समन्वय भवन, न्यू मार्केट, भोपाल में संगीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क है।
- अशोकनगर जिले की तहसील चंदेरी में 28 नवम्बर को आयोजित होने वाले चंदेरी उत्सव कार्यक्रम की तैयारियां एवं व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने आज कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।
- आगरमालवा जिला चिकित्सालय में कल राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन के संयुक्त प्रयास से स्थापित किये गये लिंक ए.आर.टी. केंद्र का शुभारंभ हुआ।
- नीमच में दूध उत्पादन से पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वृन्दावन ग्राम कंजार्डा में आज पशुपालकों की संगोष्ठी आयोजित की गई।

- खंडवा जिले में पुलिस विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने, नवीन कानूनों की समझ विकसित करने के उद्द्देश्य से आयोजित दो दिवसीय पुलिस कार्यशाला आज सम्पन्न हो गई।
- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में कल शनिवार 15 नवंबर से अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 का दूसरा चरण शुरू होगा।
- राजगढ़ में न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 के तहत बाल विवाह प्रथा के उन्मूलन हेतु जिला न्यायालय से बाइक रैली निकाली गई।
- जन-जन तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु आगरमालवा जिले में 9 से आज 14 नवंबर तक मनाएं गए विधिक सेवा सप्ताह का आज समापन हो गया।

........................